सन्मार्ग

कोई भी
नहीं है। प्र
में सव

।। सन्मार्ग एव सर्वत्र पूज्यते नापथः क्वचित ।।

गुरुवार, 28 नवम्बर 2013, वर्ष 68, अंक 217, पूर्णांक 23553

घुटनों की तकलीफ दूर करे महज एक ऑपरेशन

चलना - फिरना, दौड़ना - कूदना, हर काम करना सबको बहुत पसंद आता है, पर उम्र के साथ और कई अन्य कारणों की वजह से हमारे दैनिक जीवन में कई सारी परेशानियां आने लगती हैं। न हम ठीक से चल पाते हैं और न ही अन्य काम कर पाते हैं। ये परेशानियां दिन - प्रतिदिन बढ़ती ही जाती हैं। वक्त के साथ आजकल तकनीक में बहुत सारे परिवर्तन आ गये हैं। आज हर काम जल्द से जल्द व कम खर्च में करने की कोशिश की जाती है। घुटने की तकलीफ को वही समझ सकता है, जिसने दर्द को झेला हो या उसके किसी अपने ने इस दर्द को झेला हो। बेल व्यू अस्पताल ने हाल में ही एक नयी तकनीक से लोगों को परिचित कराया है। अन्य तरह से किये गये ऑपरेशन में रोगियों को कम से कम तीन दिन खड़े होने में लग जाते हैं, चौथा दिन चलने - फिरने में लगता है। पांचवें और छठवें दिन में उसे अस्पताल से छुट्टी मिलती है। minimally invasive computer assisted total knee arthoplasty surgery द्वारा आप जिस दिन ऑपरेशन करवाते हैं, उसी दिन आप अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। सीढ़ियों पर चढ़ना -उतरना भी आप दूसरे दिन से शुरू कर सकते हैं। ऑपरेशन के तीसरे दिन ही आपको अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। सारे ऑपरेशन डॉक्टर संतोष की देखरेख में हुए।